फिरोजपुर मंडल	अम्बाला मंडल	बीकानेर मंडल
1. खाई फेमे की	1. जस्सोवाल	कोई नहीं
मुरादाबाद मंडल	**इलाहाबाद मंडल**	
1. जहानी खेड़ा	1. शाहनगर तिनरुआ	
2. नेरी	2. जवाहरपुर कमसेन	
3. हेमपुर	3. टिण्डोली	
4. अरसैनी	4. ताखा	
5. मामन	5. अरांव	
6. सिसौना	6. उगरपुर	
7. भकरौली		
8. सिरसी मखदूम पुर		

(ग) अलाभप्रद स्टेशनों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए उठाए कदमों में कम लोकप्रिय गाड़ियों के ठहराव समाप्त करना तथा फ्लैग स्टेशनों को डाऊन ग्रेड करके ठेकेदार द्वारा परिचालित हाल्ट स्टेशनों में बदलना शामिल है।

मध्य प्रदेश में दूर-दराज के स्थानों पर नई रेल लाइनें बिछाने की योजना

6832. **श्री गोविंद राम भिरी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की मध्य प्रदेश में बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, सरगुजा बस्तर राजनन्द गांव और दुर्ग के राजस्व जिलों के अधीन दूर-दराज के स्थानों में जो रेल मार्ग से जुड़े नहीं है, नई रेल लाइनें बिछाने की कोई योजना है;

(ख) क्या इन जिलों में रेल लाइनें बिछाने की दृष्टि से कोई सर्वेक्षण किया गया है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसको, क्रियान्वित न किए जाने के क्या कारण है; और

(ग) सरकार इन क्षेत्रों में कब तक रेल सुविधाएं प्रदान कराने का विचार रखती है और यदि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है तो इसका क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी॰के॰ जाफर शरीफ) : (क) से (ग) सर्वेक्षण करने के बाद, दल्लीराजहरा-जगदलपुर लाइन के निर्माण के लिए एक प्रस्ताव योजना आयोग को उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया है। उनका अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर लाइन का निर्माण शुरू किया जाएगा।

New Railway Lines

6833. SHRIMATI SUSHMA SWARAJ :
SHRI RAM JETHMALANI :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is fact that Government have accorded low priority to the construction of projects pertaining to the laying of new railway lines; and

(b) if not, what is the number of project regarding conversion of railway lines and also laying of new railway lines which were under construction as on March, 1994?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF) : (a) No, Sir.

(b) As on 31.3.94 there were 22 number of new line projects and 28 number of Gauge Conversion projects in progress.

रेलवे द्वारा मानार्थ पास जारी किया जाना

6834. **श्री रामजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्वतन्त्रता सेनानियों, भूतपूर्व संसद सदस्यों और समाज सेवकों की श्रेणी वार संख्या कितनी है जिनको रेलवे द्वारा 31 मार्च, 1994 तक प्रथम श्रेणी और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के निःशुल्क रेलवे पास जारी किये गए है; और